तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 13 जनवरी 2026

13 भागवत कथा में कृष्ण की लीला भक्ति, ज्ञान ...

14 हारते हुए इंसान में नई ऊर्जा भर देता है...




# राष्ट्रीय युवा दिवस पर विविध आयोजन, 110 युवाओं ने किया काव्य पाठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

खेल एवं युवा कल्याण बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस पर सोमवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला के लगभग 110 युवाओं ने काव्य पाठ, स्वामी विवेकानंद जी का अमर संदेश पर आधारित भाषण- युवाओं के प्रेरणास्रोत और राष्ट्र निर्माण के पथप्रदर्शक एवं रंगोली - युवा शक्ति प्रतियोगिता में भाग लिया। खेल अधिकारी प्रीति बंछोर बिजौरा ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में साक्षी अग्रवाल ने प्रथम, श्रद्धा त्रिपाठी ने द्वितीय एवं दीपांशु तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, इसी प्रकार काव्य पाठ प्रतियोगिता में सोनल वर्मा ने प्रथम एवं नसरीन निशा ने द्वितीय एवं प्रफुल्ल ने तृतीय स्थान, रंगोली प्रतियोगिता में पल्लवी ने प्रथम सिमरन ने द्वितीय एवं ने तेजल वर्मा तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज ने कार्यक्रम का आयोजन किया



बलौदाबाजार। स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार राज युवा मंच द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स कश्यप तथा बलौदाबाजार राज प्रधान सुनीता वर्मा के मार्गदर्शन व संयोजन और युवा अध्यक्ष रघुनन्दन बघमार के नेतृत्व में युवा विकास का कार्यक्रम युवा दिवस का आयोजन हुआ। युवा अध्यक्ष रघुनंदन बघमार ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया की समाज में युवाओं में क्षमता विकास सहित आत्मविश्वास में वृद्धि करना व युवा एकजुटता को बढ़ाते हुए युवाओं की सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा सहित संस्कारवान युवा निर्माण के साथ राष्ट्र निर्माण में सहभागिता मुख्य उद्देश्य था। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ता रामस्वरूप वर्मा, सुरेश वर्मा, हेमन्त टिकरिहा ने युवा विकास नेतृत्व निर्माण के लिए ▶▶ शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### सकरी में शिव महापुराण कथा 14 से



पलारी। ग्राम के सुख शान्ति समृद्धि के लिए सहयोग समर्पण समिति व ग्रामवासियों के तत्वावधान में सकरी ससहा में 5 दिवसीय शिव महापुराण का आयोजन 14 से 18 जनवरी तक किया जा रहा है। इसमें कथावाचक आचार्य राहुल होंगे। कार्यक्रम प्रथम दिवस 14 को कलश यात्रा वेदी पूजन शिव पुराण महात्माय, 15 को शिवलिंग पूजन, रुद्राक्ष महिमा, भस्म धारण विधि 16 को शिव सती चरित्र शिव पार्वती विवहा महोत्सव, 17 को कार्तिक गणेश जन्म, जालंधर की कथा 18 को चढ़ोतरी हवन पूर्णाहुति सहस्त्रधारा, शोभयात्रा, प्रसादी वितरण कथा विश्राम पारायण कर्ता रविकांत शास्त्री ने बताया की कथा का समय दोपहर 1 शाम 5 बजे तक होंगी। कथा को सुनने अधिक से अधिक संख्या में पधारकर अपना जीवन कृतार्थ करने की अपील की गईं।

### परसुली से बनियातोरा पहुंच मार्ग के लिए भूमिपूजन आज

नर्रा। जनपद पंचायत बागबाहरा के अंतिम छोर ओडिशा सीमा से लगे ग्राम पंचायत परकोम आश्रित ग्राम बनियातोरा पहुंच मार्ग एवं सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम 13 जनवरी मंगलवार को प्रातः 11 बजे से रखा गया है। भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूपकुमारी चौधरी सांसद लोकसभा महासमुंद होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि में ऐतराम साहू जिलाध्यक्ष भाजपा, प्रीतम सिंह दीवान पूर्व विधायक, अल्का चंद्राकर डायरेक्टर इस्पात नई दिल्ली, भीखम सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद, दुबेलाल साहू, नितिन जैन भाजपा मंडल अध्यक्ष कोमाखान, लोचन पटेल जनपद सदस्य एवं प्राधिकृत अध्यक्ष परसुली, कलाराम नायक प्राधिकृत अध्यक्ष नर्रा सोसायटी, नवीन पटेल, भेखलाल सागर चंद्राकर, लता कुम्हार, प्रभा परमेश्वर पटेल, जलसिंह चक्रधारी , लीला बाई दीवान, खिलावन यादव इत्यादि होंगे।

## नशे की बात पर हुआ था विवाद, घटना स्थल पर बाइक छोड़ भागे थे आरोपी

# नशे पर विवाद में युवक की हत्या, नाबालिग सहित दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन



छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के थाना लवन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गदहीडीह में नशे की बात को लेकर हुए विवाद में एक युवक की चाकू मारकर निर्मम हत्या कर दी गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग समेत दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी धनऊ राम ध्रुव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 10 जनवरी की शाम करीब 7.15 बजे उनके पुत्र चुम्पेश्वर ध्रुव का कुछ युवकों के साथ विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने चुम्पेश्वर पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर हालत में चुम्पेश्वर को जिला अस्पताल बलौदाबाजार ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आरोपी अपनी मोटरसाइकिल छोड़कर फरार हो गए थे। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह व उनकी टीम ने जांच शुरू की। गवाहों और ग्रामीणों से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर दो आरोपियों को पकड़ा, जिसमें 18 वर्षीय दीपेश वर्मा निवासी ग्राम कोलिहा, विधि से संघर्षरत बालक एक नाबालिग आरोपी शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि नशे की बात को लेकर उनका मृतक से झगड़ा हुआ था, इसके बाद आवेश में आकर उन्होंने चाकू से हमला किया।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल एक चाकू, स्प्लेंडर मोटरसाइकिल सीजी 04 सीआर 9039 बरामद की है। मामले में पुलिस ने धारा 103(1), 3(5) और आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपियों को आज 12 जनवरी को न्यायालय में पेश किया गया। थाना प्रभारी ने कहा मामले में दो आरोपी हिरासत में हैं। एक अन्य आरोपी फिलहाल फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। जल्द ही उसे भी पकड़ लिया जाएगा।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

सेल। थाना अंतर्गत देर रात्रि तकरीबन 8.30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 130 बी छरछेद मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट पर आने से दो युवकों की मौत हो गई है। दोनों मृतक सरसींवा थाना अंतर्गत ग्राम झुमका और गोपालपुर के बताए जा रहे हैं। कसडोल पुलिस के अनुसार मृतक हरुन पिता रेवती रमन साहू 21 वर्ष ग्राम झुमका थाना सरसींवा एवं अशोक कुमार पिता ललित साहू 21 ग्राम गोपालपुर थाना सरसींवा कसडोल साइड से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत साइड से आ रहे अज्ञात ट्रक ने हिट एंड रन करते हुए अपने चपेट में ले लिया। फिलहाल दोनों युवकों की ऑन द स्पॉट दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कसडोल पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में जुटी है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात वाहन की खोज में जुटी है। इधर रविवार को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल में पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

## पंच कल्याणक से पहले जैन समाज में धार्मिक उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय में आने वाले दिनों में होने वाले पंचकल्याणक कार्यक्रम से पहले जैन समाज द्वारा प्रतिदिन प्रतिष्ठित होने वाली मूर्ति को समाज के सभी लोग अपने अपने घरों में भगवान को ले जा कर भक्ति करते हैं, जिसमें समाज के सभी लोग काफी बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को महावीर प्रसाद काला परिवार द्वारा चौबीसी भगवान की प्रतिमा व नीरज जैन परिवार द्वारा आदिनाथ भगवान की प्रतिमा को बजे गाजे के साथ नगर भ्रमण कराते हुए ले जाया गया, जिसमें समाज के अध्यक्ष संजय पाटनी, उपाध्यक्ष प्रवीण जैन, पूर्व अध्यक्ष दिनेश जैन, महिला मंडल अध्यक्ष सुमन जैन, डिम्पल जैन, अनीश जैन, शोभा जैन, ऋषभ जैन, श्वेता जैन, सारिका जैन, अनीता जैन, अजेश जैन, आरती जैन सहित समाज के सभी लोगों ने काफी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।



## जिले में अब तक 536739 मीट्रिक टन धान की खरीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने खाद्य, सहकारिता, कृषि एवं अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने समिति एवं उपार्जन केंद्रों से तेजी से धान उठाव करने एवं मिलर्स पर सख्ती के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन केंदो से शीघ्र धान उठाव कराएं ताकि जाम की स्थिति निर्मित न हो। जो मिलर धान उठाव में रूचि नहीं ले रहे उन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। थोक एवं फुटकर विक्रेताओं पर कड़ी निगरानी के निर्देश दिये।

- कलेक्टर ने की धान खरीदी प्रगति की समीक्षा, उठाव में तेजी लाने व कड़ी निगरानी के निर्देश

इसके साथ ही संयुक्त टीम द्वारा जांच एवं निरीक्षण नियमित रूप से जारी रखने कहा। बताया गया कि जिले के सभी 166 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी जारी है एवं अब तक 108548 किसानों से 536739 मीट्रिक टन धान खरीदी एवं 244624 मीट्रिक टन का उठाव किया गया है।

## शैक्षिक भ्रमण में प्रशिक्षणार्थियों व छात्रों ने सीखा वन प्रबंधन और जैविक खेती के तरीके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



वनमंडलाधिकारी परिक्षेत्र देवपुर में शैक्षणिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महासमुंद वन विद्यालय के वनरक्षक प्रशिक्षणार्थियों सहित गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

प्रशिक्षु परिक्षेत्र अधिकारी देवपुर चंद्रहास ठाकुर द्वारा उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों और छात्रों को काष्ठ कूप के वैज्ञानिक प्रबंधन, पेड़ों की कटाई के नियम और डिपो संचालन की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान वन प्रबंधन समिति से जुड़ी महिला समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया गया। चंद्रहास ठाकुर ने बताया कि कैसे महिला समूह जैविक खेती के माध्यम से न केवल पर्यावरण संरक्षण कर रहे हैं, बल्कि अपनी आजीविका को भी सुदृढ़ कर रहे हैं। छात्रों ने जैविक खाद निर्माण और खेती की बारीकियों को समझा। प्रशिक्षणार्थियों को ऐतिहासिक एवं वैज्ञानिक महत्व वाले मनीराम सागौन वृक्षारोपण का अवलोकन कराया गया। यहां उन्हें सागौन की गुणवत्ता, रोपण तकनीक और उनके संरक्षण के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया गया।



## नवविकास दृष्टि कॉन्क्लेव समारोह में अमरजीत सिंह हुए सम्मानित



भाटापारा। नव विकास दृष्टि कॉन्क्लेव एवं सम्मान समारोह 2026 का आयोजन कल, आज और कल थीम पर जिला ऑडिटोरियम, बालोदाबाजार में हुआ। कार्यक्रम में समाज, व्यापार, शिक्षा एवं विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स भाटापारा इकाई के उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह सलूजा को व्यापारिक, सामाजिक एवं खेल क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान और उपलब्धियों के लिए विशेष रूप से टंकराम वर्मा मंत्री छ.ग. शासन द्वारा सम्मानित किया गया।

अमरजीत सिंह सलूजा को यह सम्मान चेंबर ऑफ कॉमर्स के माध्यम से व्यापारियों के हित में किए गए कार्य,

अपोलो हॉस्पिटल के सहयोग से मेडिकल कैंप, रेलवे स्टेशन में वाटर कूलर स्थापना, जीएसटी, मंडी टैक्स सहित व्यापारिक समस्याओं पर सक्रिय भूमिका तथा खेल जगत में ग्रैपलिंग एवं कुरान एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में खिलाड़ियों द्वारा जिला एवं राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक अर्जित करने जैसी उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया।

## छग राजभाषा आयोग का प्रांतीय सम्मेलन बिलासपुर में हुआ



सिमगा। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का दो दिवसीय सम्मेलन सिम्स संभागार बिलासपुर में आयोजित हुआ। इस सम्मेलन में कुल 10 सत्र तय किये गये थे। जिसके उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि तोखन साहू केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री एवं सांसद बिलासपुर एवं अध्यक्षता संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल थे। नवें सत्र एक बहुत ही रोचक सत्र रहा, जिसकी अध्यक्षता दुर्ग के छंद विद अरुण कुमार निगम ने की। इस सत्र में कचलोन सिमगा के छन्दकार मनीराम साहू मितान 'छंद मा छत्तीसगढ़ी' विषय को लेकर एक वक्ता के रूप में सम्मिलित हुए। उन्होंने अपने इस वक्तव्य में छत्तीसगढ़ी काव्य में छंदबद्ध रचना की समृद्ध परंपरा एवं वर्तमान में इसकी प्रासंगिकता पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए विभिन्न छंदों की तकनीकी एवं ज्ञानवर्धक जानकारी दी। इस बैठक में अंचल के अन्य छन्दकार चोवाराम वर्मा बादल सहित सिमगा के डॉ. दिनेश उपाध्याय एवं घनश्याम देवांगन भी उपस्थित थे।

## महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# अवैध गतिविधियों को रोकने में महिलाओं की भूमिका अहम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

आज के आधुनिक युग में महिलाओं का अपने अधिकारों के प्रति सजग होना अनिवार्य है। इसी उद्देश्य के साथ पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में सोमवार को पुलिस कम्युनिटी हॉल बलौदाबाजार में महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण जन जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीण व शहरी महिलाओं ने हिस्सा लिया और महिला पुलिस अधिकारियों के साथ अपनी समस्याओं पर खुलकर चर्चा की।

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। एसडीओपी अपूर्वा क्षत्रिय और डीएसपी उषा सोंधिया ने नए कानूनों और सुरक्षा उपायों की विस्तार से जानकारी दी। महिलाओं को सोशल मीडिया के सही उपयोग और साइबर फ्रॉड (ऑनलाइन ठगी) से बचने के तरीके बताए गए। दीपा सोनी (लीगल एड डिफेंस), मंजू तिवारी (महिला संरक्षण अधिकारी) और अन्य विशेषज्ञों ने मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना सहित महिला स्वरोजगार और कानूनी अधिकारों पर प्रकाश डाला।





### संगठित शक्ति बनें महिलाएं



पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि समाज से अवैध गतिविधियों और असंवैधानिक कार्यों को मिटाने में महिलाओं का स्थान सबसे विशिष्ट है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे अपने अधिकारों को पहचानें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। उन्होंने महिलाओं को समाज की प्रगति के लिए एक संगठित शक्ति के रूप में आगे आने हेतु प्रेरित किया।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला पुलिस कर्मी सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान एक विशेष सत्र में एसपी भावना गुप्ता द्वारा उन महिला प्रधान आरक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिन्होंने जिले के विभिन्न थानों से गुमशुदा बालिकाओं और महिलाओं की सकुशल बरामदगी में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने महिला पुलिस अधिकारियों के साथ सीधा संवाद किया। उन्होंने अपराध अनुसंधान, युवाओं द्वारा सोशल मीडिया के दुरुपयोग और अन्य सामाजिक शिकायतों पर खुलकर सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने सरलतापूर्वक समाधान किया। नवीन कानून और महिला अधिकारों पर विस्तृत चर्चा, साइबर सुरक्षा और सोशल मीडिया के खतरों के प्रति आगाह किया गया और स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी देकर आर्थिक सशक्तिकरण मुख्य आकर्षण रहा।

## खबर संक्षेप



### खेल से तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है: तुषार

**महासमुंद।** ग्राम कर्राडीह में आयोजित जय महामाया ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। आयोजन समिति व बीरसिंह ध्रुव के तत्वावधान में तुषार का स्वागत फूल माला पहनाकर किया गया। तुषार ने कहा कि सिरपुर क्षेत्र कबड्डी के लिए जाना जाता है। यहां न केवल कबड्डी के बड़े आयोजन हुए हैं, बल्कि कई बड़े खिलाड़ी भी निकले हैं। यह परंपरा आगे भी लगातार जारी रहना चाहिए। खिलाड़ियों से कहा कि प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रतियोगिता एक बेहतरीन मंच है। खेल से तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है। कर्राडीह का नाम राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हो, इसके लिए वे प्रयास करें। इस अवसर पर पूर्व सरपंच लालाराम निषाद, शिक्षक बाबूलाल ध्रुव, बल्लू नेताम, किस लाल ध्रुव, बीर सिंह ध्रुव, सुरेश, दिनेश, कार्तिक, राकेश, पवन आदि मौजूद रहे।

### बीए अंतिम वर्ष भूगोल के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीए अंतिम वर्ष भूगोल विषय के विद्यार्थियों को प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे के मार्गदर्शन में विभाग अध्यक्ष प्रो दिलीप कुमार बढाई द्वारा 10 जनवरी 2026 भूगोल अध्ययन को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने के उद्देश्य से बारनवापारा अभ्यारण, शिवरीनारायण, खरौद, सोनाखान, गिरौदपुरी जैसे प्राकृतिक व ऐतिहासिक स्थलों का भौगोलिक भ्रमण कराया गया। बारनवापारा अभ्यारण में पहुंचकर वन पारिस्थिति की, वनस्पति व वन्य जीवों के रहवास तथा मिट्टी के प्रकार एवं संरक्षण संबंधी भौगोलिक तथ्यों का अध्ययन कर जैव विविधता संरक्षण पर परिचर्चा की गई। शिवरीनारायण में महानदी शिवनाथ नदी व जोंक नदी का संगम तथा दसवीं शताब्दी में निर्मित शिवरीनारायण मंदिर का अवलोकन किया गया। काशी खरौद जाकर प्राचीन शिव मंदिर का दर्शन किया गया। गिरौदपुरी के पठार स्थलाकृति का अध्ययन करते हुए बाबा गुरु घासीदास जन्म भूमि स्थल का दर्शन किए। वहीं सोनाखान पहुंचकर वीर नारायण सिंह की विरासत सहित स्वतंत्रता संग्राम काल के ऐतिहासिक स्थलों को अवलोकन किया गया।

## आयोजन: अशोक वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेशभर के कार्यकर्ता

# निगम अध्यक्ष चंद्रहास के जन्मदिन पर बधाई देने वालों का लगा तांता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ कृषि विकास एवं बीज निगम के अध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा छग शासन) चंद्रहास चंद्राकर का जन्मदिन हर्षोत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही चंद्राकर के जन्मदिन पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इंटरनेट मीडिया पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं सहित प्रदेशभर से बड़ी संख्या में राजनीतिक दलों के नेता व व्यवसायियों ने उन्हें बधाई दी।

स्थानीय बीटीआई मार्ग सहित अशोक वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में महासमुंद जिला सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, बीज निगम के अधिकारीगण, एबीवीपी, विहिप, बजरंग दल के पदाधिकारियों के अलावा आम नागरिकों ने पहुंचकर उनका फूल माला, पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। अशोक वाटिका में धान बीज व मूंगफली के बीज का तुलदान कर कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन को खास बनाया। अपने जन्मदिन पर बधाई देने वाले शुभचिंतकों, समर्थकों, कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार कर निगम अध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है कि बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू, पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर सहित अनेक लोगों ने शिरकत की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दूरभाष पर चंद्राकर को बधाई दी। सुबह जन्मदिन पर निगम अध्यक्ष ने सर्वप्रथम नगर की कुलदेवी मां महामाया मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया तथा प्रदेश की खुशहाली की कामना की। पश्चात शीतला मंदिर, श्रीराम जानकी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। राम मंदिर परिसर में आयोजित सामाजिक बैठक में शामिल हुए और लगभग 800 से अधिक संख्या में उपस्थित समाजजनों का आशीर्वाद भी लिया। दोपहर 12 बजे के बाद अशोक वाटिका में आयोजित जन्मदिन कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने उनसे मुलाकात कर शुभकामनाएं प्रेषित की।



छात्र जीवन से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े चंद्राकर ने विभिन्न राजनैतिक व सामाजिक पदों में आसीन रहकर जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। उनके मिलनसार और सरल स्वभाव के कारण उनके चाहने वालों की लंबी फेहरिस्त है। जन्मदिन पर समर्थकों का सैलाब बधाई देने उमड़ा। वहीं बीज प्रक्रिया केंद्र लभराखुर्द का चंद्राकर ने निरीक्षण कर उनके जन्मदिन पर अधिकारियों द्वारा आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। देर शाम चंद्राकर ने बागबाहरा क्षेत्र के कर्मापटपर नेत्रहीन विद्यालय के बच्चों के बीच पहुंचकर अपना जन्मदिन मनाया। नेत्रहीन बच्चों के स्नेह से अभिभूत चंद्राकर ने केक काटकर सभी बच्चों का मुंह मीठा किया।

जन्मदिन पर बधाई देने वालों में सांसद, विधायक, जिला, जनपद सदस्य, अध्यक्ष, निगम के पार्षदगण, शासकीय अधिकारी, कर्मचारी, आमजन कार्यक्रम में नजर आए।

इस मौके पर पूनम चंद्राकर, अलका नरेश चंद्रकार, थानसिंह दीवान, राकेश चंद्राकर, संदीप दीवान, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर, माधव राव टांकसाले, पवन वर्मा, प्रेम चंद्रकार, प्रशांत श्रीवास्तव, अरविंद प्रहरे, जसराज बाला चंद्राकर, स्वप्निल तिवारी, ब्रह्मानंद पटेल, नरेंदर बग्गा, लोकु चंद्रकार, अग्रज शर्मा, निरंजना शर्मा, सुधा साहू, रमेश साहू, राजू चंद्राकर, मुन्ना साहू, मनीष शर्मा, विक्रम सिंह ठाकुर, ऋषभ बाफना, मोहन साहू, पवन साहू, अजय चोपड़ा, रोहित चंद्राकर, राकेश श्रीवास्तव, शंकरलाल चंद्रकार, प्रकाश शर्मा, देवेंद्र चंद्राकर, आनंद साहू, गोविंद ठाकुर, हनीश बग्गा, पंकज चंद्राकर, अमन वर्मा, एमआर विश्वनाथन, गणेश नायक, बंशी साहू, सोनाधर सोनवानी, पांडुरंग मदनकार, शरद राव मराठा, मधुसूदन सोनी, चंद्रिका चौबे, मसूद खान, रामेश्वर पटवा, आकाश पांडे, अमित साहू, गोपी कन्नौजे, नईम खान, गुड्डा सिन्हा, जतिन रूपरेला, हर्ष गौतम, भुनेश्वर साहू, वामन राव, राहुल साहू, आयुष दुबे, कुम्भज चंद्राकर, ललित साहू, लवेश साहू, आदित्य साहू, वासु चंद्राकर, विश्व हिंदू परिषद से हर्ष चंद्रकार, उत्तम वर्मा, अखिलेश जैन, रामेश्वर पांडे, प्रदीप वर्मा, संजय यादव, चंदन नेताम, राहिल गुप्ता, सोमेश दावड़ा, खिलावन यादव, महिला मोर्चा से निरंजना शर्मा, पार्वती साहू, सुधा साहू, छाया चंद्राकर, सुजाता विश्वनाथन, प्रभा साहू, मधु यादव, किरण ढीढी, दुर्गा सार्वा, भगवती करकसे, उषा पाल, मैना कोसले, लक्ष्मी साहू, दुर्गा चंद्रकार, कला साहू, शीतल साहू, पार्षदगण पवन पटेल, भाऊराम साहू, पीयूष साहू, माखन पटेल, चंद्रशेखर बेलदार, शुभ्रा शर्मा, भारती चंद्राकर, कल्पना सूर्यवंशी, धनेश्वरी सोनवानी, माधुरी यदु आदि मौजूद रहे। मंच संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र जैन व नंदू जलक्षत्री ने किया।

### सांसद ने शोकाकुल मीना गुप्ता के परिजनों से मिलकर दी सांत्वना

**सरायपाली।** नगर के वरिष्ठ पत्रकार दिलीप गुप्ता की धर्मपत्नी व वरिष्ठ व सक्रिय भाजपा नेत्री मीना गुप्ता का विगत 3 जनवरी को निधन हो गया था। महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी स्व. मीना गुप्ता के गृह पहुंचकर इस दुख के अवसर पर सांत्वना प्रदान करते हुए कहा कि स्व.मीना गुप्ता के दुखद निधन से भाजपा ने एक सक्रिय व समर्पित कार्यकर्ता को खो दिया है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। साथ ही निजी तौर पर उन्होंने एक अच्छी साथी को भी खो दिया है। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने स्व. मीना गुप्ता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दुखद अवसर पर सांसद ने परिजनों के साथ दुख बांटते हुए स्व.मीना गुप्ता के संग बिताए पलो को याद करते हुए कहा कि सरायपाली महिला मंडल की सक्रियता में उनका अहम रोल था। वे भाजपा की एक सक्रिय, योग्य, समर्पित व निष्ठावान कार्यकर्ता थीं। चुनाव प्रचार के दौरान उनका साथ ही कार्यकर्ताओं में जोश भर देता था। मेरे सभी चुनावों में उनकी सहभागिता व सक्रियता को मैं कभी भी भूल नहीं पाऊंगी। सरायपाली विधानसभा में स्व. मीना के प्रयासों व सक्रियता के कारण ही महिला मंडल सक्रिय हो सका था। वे 2- 3 बार महिला मंडल अध्यक्ष, जिला मंत्री के दायित्वों को पूरा करते हुए वर्तमान में प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य थी। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने इस दुखद निधन पर दुख जताते हुए कहा कि हमारी पार्टी व महिला मंडल की मीना एक हंसमुख व बहुत ही व्यवहारिक पदाधिकारी थी। उनके इस कमी को कभी भरा नहीं जा सकेगा। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय शर्मा, सौम्य रंजन कानूनगो व स्व.मीना गुप्ता के परिजन भी उपस्थित रहे।



## श्रीमद् भागवत कथा में शामिल हुए प्रफुल्ल विश्वकर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गौरव ग्राम बीकेबाहरा में सप्त दिवसीय श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पंडित डिगेश्वर प्रसाद तिवारी के मुखारविंद से कथा का वाचन किया जा रहा है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ लौह शिल्प कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष व खल्लारी विधानसभा प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में शामिल होकर व्यासपीठ से आशीर्वाद लिया। अल्का नरेश चंद्राकर इस्पात मंत्रालय (भारत सरकार नईदिल्ली) ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से मन को शांति मिलती है। साथ ही कथा के आयोजन से सभी एकजुट होते हैं और कथा रसपान कर पुण्य के भागी बनते हैं। भीखम सिंह ठाकुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष महासमुंद सम्मिलित होकर भगवान राधाकृष्ण की पूजा अर्चना कर कहा कि भागवत कथा सुनने से मन शुद्ध होता है, सात्विक भाव जागृत होते हैं तथा परम आनंद की प्राप्ति होती है। समस्त ग्राम, क्षेत्रवासियों के लिए मंगलमयी कामना की गई। कार्यक्रम में लोकेश पनुरिया मंडल अध्यक्ष खल्लारी, स्मिता हितेश चंद्राकर जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा, जानवी साहू ज़लिा उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, पिलेश्वर पटेल जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा, नितेश पांडेय मण्डल महामंत्री बागबाहरा, द्रोण पटेल शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष बीकेबाहरा, खिलेश साहू मीडिया प्रभारी एवं बड़ी संख्या में समस्त ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# शिवजी पर 1 लाख साबूत चावल चढ़ाने से लक्ष्मी की कृपा होती है प्राप्तः पंकज

## जूठे भोजन में घी लेना गौ मांस के बराबर, तांबे के पात्र से नहीं चढ़ाया जाता दूध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तांबे के पात्र में दूध चढ़ाना, दूध में नमक घोलना और जूठे भोजन में घी लेकर सेवन करना गौमांस के बराबर है। इसलिए कभी भी लोगों को जूठे भोजन में घी नहीं लेना चाहिए। पहले से घी ले लिए हैं तो बाद में लेने में कोई दोष नहीं लगता। इसी तरह तांबे के पात्र में शिवजी को केवल जल चढ़ाया जाना चाहिए। दूध कभी भी तांबे के पात्र से नहीं चढ़ाना चाहिए। दूध चढ़ाने के लिए कांसे, पीतल, सोना या चांदी का पात्र उपयोग करना चाहिए। स्थानीय त्रिमूर्ति कॉलोनी में शिव मंदिर के पास चल रहे शिवपुराण कथा का बखान करते हुए व्यास पीठ से आचार्य पं. पंकज तिवारी ने कहा कि दूध ना मिले तो केवल जलधारा से ही शिवजी का अभिषेक करने से ही शिव प्रसन्न हो जाते हैं। भगवान शिव पर अन्न चढ़ाने का महत्व बताते हुए कहा कि 1 लाख साबूत चावल शिवजी पर अर्पण करने से महालक्ष्मी की प्राप्ति होती है। एक लाख चावल के लिए 6 किलो चावल का मानक माना गया है। शिवजी के पूजन उपरांत नारियल भेंट स्वरूप निवेदन करने से शिवजी की कृपा प्राप्त हो जाती है। तिवारी ने तिल, जौ, गेहूं, राई समेत अनेक अन्न चढ़ाने का विस्तार से वर्णन किया और बताया कि शिवजी पर शमी पत्र चढ़ाने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। एक लाख बिल्वपत्र से पूजन करने का जो फल प्राप्त होता है। वहीं फल भगवान शिव पर केवल एक शमी पत्र चढ़ाने से मिल जाता है। कथा पंडाल में उपस्थित धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराते हुए पं. पंकज तिवारी ने कहा कि सभी कामनाओं की पूर्ति करने के लिए शिवजी का 1 लाख बिल्व पत्र से पूजा करना चाहिए, इसी तरह अलसी के पुष्प से पूजा करने से भगवान विष्णु की कृपा स्वतः प्राप्त हो जाती है। मुक्ति की कामना के लिए 1 लाख कुशा से, आयु प्राप्ति के लिए एक लाख दूर्वा यानी दूबी से, पुत्र कामना के लिए एक लाख धतूरे के पुष्प, यश की प्राप्ति के लिए एक लाख डंठल वाले लाल धतूरे और अगस्त की पुष्प से तथा सांसारिक सुख भोगते हुए मुक्ति की कामना से तुलसीदल से शिवजी का पूजन करना चाहिए। पराक्रम प्राप्ति के लिए अपामार्ग या चिड़चिड़ा के पुष्प से पूजन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि शिवालय के पास पुष्प लगाने का बड़ा महत्व है। इसलिए प्रत्येक प्राणी को शिव मंदिर के आसपास शिवपूजन में उपयोग होने वाले पुष्प वाटिका लगाकर उसका संरक्षण करना चाहिए।





व्यासपीठ से महाराज ने बताया कि जप तप से भी श्रेष्ठ ध्यान रूपी यज्ञ है और ध्यान लगाकर शिवजी का उपासना करने का विशिष्ट फल प्राप्त होता है। शिव भक्ति में तत्पर रहने वाला व्यक्ति अंत में शिवतत्व को प्राप्त कर लेता है, इसलिए हर प्राणी को शिव भक्ति में तत्पर रहना चाहिए। जिस प्रकार दूध में पानी मिला देने से पानी दूध बन जाता है। उसी तरह शिव भक्ति में रहने वाला व्यक्ति शिवतत्व को प्राप्त कर लेता है। उन्होंने बताया कि गृहस्थ में रहने वाले प्रत्येक मनुष्य को पांच देवताओं की पूजा करनी चाहिए गणेश, सूर्य, विष्णु, शिव और दुर्गा इन पंचायतन देवों की पूजा से शिवजी की प्रीति प्राप्त हो जाती है। उन्होंने बताया कि ब्रह्मा के निवेदन पर विश्वकर्मा ने अलग-अलग देवताओं के लिए कर्म विधान के लिए शिवलिंग बनाकर प्रदान किया। कुबेर के लिए स्वर्ण निर्मित शिवलिंग, धर्मराज के लिए पुखराज से निर्मित शिवलिंग, श्याम मणियों से निर्मित शिवलिंग वरुण देव के लिए, माता लक्ष्मी के लिए स्फटिक का शिवलिंग, अग्नि देव के लिए बज्रमणि का शिवलिंग, श्रेष्ठ ब्राह्मण के लिए पार्थिव और मयदानव के लिए चंदन से निर्मित शिवलिंग प्रदान किया। इसी तरह नाग लोक के लिए मूंगे का, योगियों के लिए भस्म का और यक्ष के लिए दही का शिवलिंग बनाकर प्रदान किया। कथा श्रवण करने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल, धर्मेंद्र महोबिया, शरद मराठा, संदीप घोष, दाऊलाल चंद्राकार आदि पहुंचे थे। उन्होंने व्यास पीठ को नमन कर आशीर्वाद लिया।


### महात्मा गांधी के प्रति द्वेषपूर्ण भावना के कारण मनरेगा के मूलस्वरूप में भाजपा ने किया परिवर्तन : विनोद

**महासमुंद।** मनरेगा बचाओ संघर्ष आंदोलन के तहत 11 जनवरी को गांधी मैदान में आयोजित एक दिवसीय उपवास धरना प्रदर्शन में पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर प्रमुख रूप से शामिल हुए। जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक राम ध्रुव, जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा समेत गरियाबंद जिले के समस्त ब्लाक, जिला पदाधिकारियों ने भी उपस्थिति दर्ज कराई। कांग्रेस द्वारा घोषित 45 दिवसीय मनरेगा बचाओ संघर्ष आंदोलन के तहत गरियाबंद के गांधी मैदान में आयोजित उपवास कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। धरना को संबोधित करते हुए चंद्राकर ने कहा कि मोदी सरकार मनरेगा को कमजोर कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने पर तुली है। उन्होंने कहा कि देश के करोड़ों पंजीकृत मनरेगा मजदूरों को साल में 45 दिन का भी रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जबकि, नई योजना के नाम पर 125 दिन रोजगार का भ्रम मोदी सरकार फैला रहा है। उन्होंने कहा कि जिन ग्रामीण इलाकों में न नेटवर्क की सुविधा है और न ही पर्याप्त शिक्षा, वहां रियल टाइम मानिटरिंग जैसे दावे महज जुमले साबित होंगे। चंद्राकर ने कहा कि महात्मा गांधी के प्रति द्वेषपूर्ण भावना के कारण ही मनरेगा जैसे महत्वपूर्ण योजना के मूलस्वरूप को परिवर्तन कर इसे खत्म करने की कोशिश भाजपा द्वारा किया जा रहा है। भाजपा शुरू से गांधी विरोधी नीति अपनाते हुए उन तमाम जनहित के योजनाओं को खत्म कर रही है, जिसमें महात्मा गांधी का नाम जुड़ा है। भाजपा गांधी विरोधी मानसिकता के चलते जनहित के मुद्दों को भी हासिए पर रखकर मनमनी पूर्ण कार्रवाई कर रही है। पूरे विश्व में 70 से अधिक देशों में महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित है, महात्मा गांधी के बताए अहिंसा के मार्ग को विश्व के अनेक देश अपनाते हुए बापू का सम्मान करते हैं। लेकिन, केवल भारत में भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी के विरूद्ध द्वेषपूर्ण भावना रखते हुए जनहित को ताक पर रखा जा रहा है।



### राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता गतका में तुसदा के खिलाड़ी का चयन

**महासमुंद।** 69वें राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता गतका बालक बालिका 19 वर्ष जो कि पंजाब लुधियाना में 6 से 11 जनवरी 2026 तक आयोजित की गई थी। जिसमें छत्तीसगढ़ टीम के प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुसदा बागबाहरा से छत्रपाल साहू का चयन किया गया था। छत्रपाल के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर गतका में सिंगल सूती टीम में चयनित हुआ, जिसने पंजाब में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी छत्तीसगढ़ की टीम को चौथा स्थान प्रदान करने में सफल रहा। छत्रपाल की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, जिला सहायक क्रिया अधिकारी अंजली बरमाल, जिला खेल अधिकारी मनोज घृतलहरे, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुसदा प्राचार्य महेंद्र सिंह मरकाम समेत शाला के समस्त शिक्षक स्टॉप एवं शाला के व्यायाम शिक्षक अंजू प्रजापति ने हर्ष जताया है।





### मोहदा स्कूल में मनाई गई विवेकानंद की जयंती

**सरायपाली।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहदा में स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एम आर पटेल, व्याख्याता होमराज चौधरी, खेल शिक्षक हेमसागर कैवर्त ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचारों एवं युवाओं के प्रति उनके संदेशों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन हमें आत्मविश्वास, अनुशासन, राष्ट्रप्रेम एवं सेवा भावना की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा भाषण, कविता पाठ एवं विचार प्रस्तुति दी गई। निशा साहू कक्षा 12वीं ने भी स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया। समारोह के अंत में सभी विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात कर एक सशक्त एवं चरित्रवान नागरिक बनने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में कार्यरत समस्त व्याख्याता एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।



### पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण का हुआ आयोजन, 11 संकुल के 74 विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने लिया हिस्सा

**सरायपाली।** विकासखंड अंतर्गत दक्षिणी जोन के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तोरेसिंहा में प्राथमिक शालाओं में कार्यरत शिक्षकों के लिए एफएलएन नवीन पाठ्यक्रम उन्मुखीकरण आधारित 5 दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में प्रति दिवस मां शारदे भारत माता व छत्तीसगढ़ महतारी की पूजन से सत्र का शुभारंभ और राष्ट्रगान के साथ सत्रांत किया गया। प्राचार्य, संकुल समन्वयक बीडी सिदार एवं प्रशिक्षण प्रभारी संजीत पात्र, मास्टर ट्रेनर्स हेमंत भोई, कामता पटेल, योगिता प्रधान के नवाचार एवं नई शिक्षा नीति पर गतिविधियां आधारित कार्यशाला हुई। यहां दक्षिणी जोन के 11 संकुल केंद्रों के 74 विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हिंदी भाषा शिक्षण, गणित और अंग्रेजी भाषा के फोर ब्लाक मॉडल, बुनियादी गणितीय अवधारणाओं, ईएलपीएस के माध्यम से हमारा अद्भुत संसार, कला, योग व्यायाम व खेल को शैक्षणिक गतिविधियों से जोड़कर धरातल स्तर पर बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करने संबंधी जानकारी दी गई। समापन दिवस पर डॉ अनिल प्रधान व्याख्याता ने अपने उद्बोधन पर नई शिक्षा नीति 2020 पर प्रकाश डाला। इस दौरान सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए ग्राम पंचायत तोरेसिंहा के सरपंच सुनीता कृपासिंधु कुम्हार द्वारा भोजन की व्यवस्था की गई, जिसमें प्रदीप रथ, कमलनयन आचार्य, अंगद बारिक, अजय प्रधान, सुबोध धराई, नरेश साहू, रोशन भोई, चरणसिंह साहू, राजेंद्र सिंह सिदार, भूपेंद्र सिंह नेताम आदि शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।



### जयंती पर स्वामी विवेकानंद के विचारों को किया स्मरण

**बागबाहरा।** राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती पर भाजयुमो द्वारा बागबाहरा नगर के वन विभाग विश्राम गृह के सामने स्थापित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के विचारों का स्मरण करते हुए अल्का चंद्राकर (डायरेक्टर-इस्पात मंत्रालय भारत सरकार) ने बताया कि स्वामी विवेकानंद ने महान सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति को विश्व स्तर पर प्रसारित करते हुए शिकागो के धर्म सभा में ऐतिहासिक भाषण देकर हमारी संस्कृति और सभ्यता को विश्व पटल पर रखने का कार्य किए हैं। जिससे पूरी दुनिया में सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति को देखने और समझने का नजरिया ही बदल के रख दिया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष जसराज चंद्राकर बाला ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का मंत्र ₹उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए₹। आज भी हर युवा के लिए दिशादर्शक है. आइए, हम सब मिलकर उनके आदर्शों पर चलकर एक सशक्त और विकसित भारत के निर्माण में योगदान दें। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष भाजपा जाह्नवी साहू, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष आबिद खान, पार्षद प्रेम साहू, वरिष्ठ नेता संजय माल्वे, पूनम चंद्राकर, हरि चंद्राकर, मंडल महामंत्री अतुल गंडेचा, मंडल उपाध्यक्ष तुकाराम चंद्राकर, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नारायण तांडी, नितेश पांडे, देव पटेल, दिनेश विशाल, राजा देवांगन, महेश वैष्णव, राकेश चंद्राकर उपस्थित रहे।

### सफाई व्यवस्था का जिम्मा सिरपुर पंचायत को देने से बढ़ेगा अतिरिक्त बोझः अमर

**महासमुंद।** सिरपुर महोत्सव के दौरान ग्राम पंचायत सिरपुर को साफ-सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशासन द्वारा पंचायत को कार्य सौंपने को लेकर पूर्व जिला पंचायत सभापति अमर अरूण चंद्राकर ने कहा कि पंचायतों में वर्तमान में फंड की कमी है। 15वें वित्त की राशि भी पंचायतों के खाते में नहीं पहुंची है। ऐसे में पंचायत अपने ही गांव के मूलभूत कार्य, सफाई, पेयजल, स्वच्छता संबंधी कार्यों के लिए फंड का बाट जोह रहे हैं और उपर से प्रशासन द्वारा सिरपुर महोत्सव जैसे बड़ा आयोजन में साफ-सफाई की जिम्मेदारी सिरपुर पंचायत को दिये जाने से पंचायत पर अतिरिक्त भार डाला जा रहा है। अमर ने कहा कि इससे पूर्व सावन माह में बोलबम कांवरियों तथा स्थानीय युवाओं के बीच बलवा जैसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। कार्यक्रमों के दौरान प्रशासन की व्यवस्था आधी-अधूरी रहती है। पुलिस सुरक्षा, स्वास्थ्य विभाग की टीम की कमी तथा सफाई की कमी देखी जा चुकी है। सिरपुर महोत्सव जैसे बड़ा आयोजन के लिए प्रशासन को फंड जारी कर प्रत्येक कार्यों के लिए विभागों को जिम्मेदारी दिया जाना चाहिए। और यदि पंचायत को कोई कार्य सौंपा जा रहा है तो उसके लिए पंचायत फंड में पर्याप्त राशि प्रदान किया जाना चाहिए। लेकिन, केवल वाहवाही लूटने के लिए प्रशासन द्वारा आधी-अधूरी तैयारी के साथ महोत्सव कराया जाता है। महोत्सव के लिए यदि फंड का प्रावधान किया गया है, तो उसे प्रशासन को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। साथ ही टेंट, पार्किंग, स्वास्थ्य केंप, स्वच्छता, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था के लिए संबंधित विभागों को जिम्मेदारी दिया जाना चाहिए, ना कि पंचायत को।



## खबर संक्षेप

### अनियंत्रित हुई कार दुर्घटनाग्रस्त, महिला की मौत

**महासमुंद।** अनियंत्रित होकर तेज रफ्तार कार के खेत में लगे तार घेरा से टकरा जाने से उसमें सवार एक महिला की मौत हो गई। मामला ग्राम छांदनपुर के पास का है। रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को हबीब बेग बसना ने बताया कि 9 जनवरी की उसकी मां सईदा बेगम दोपहर करीबन 2 बजे भैया नईम बेग के परिवार के साथ उनकी कार क्रमांक सीजी 04 एनई 6614 में पारिवारिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने पिथौरा जाने के लिए निकली थी। ग्राम छांदनपुर के पास चालक द्वारा वाहन को तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से चलाने से से वह अनियंत्रित होकर खेत में मेड़ में लगे तार घेरा पोल से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे सईदा बेगम को अंदरूनी चोंट आयी एवं भतीजी अमीमा फातिमा को भी चोट आयी। जिन्हें इलाज हेतु बसना के निजी अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान सईदा बेगम की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट, 106(1), 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### वेल्डिंग दुकान से 1.20 लाख का सामान चोरी

**महासमुंद।** एक वेल्डिंग दुकान से कॉपर वायर और अन्य सामान की चोरी के मामले में बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। मामला शुभकामना गली गणेशपारा का है। बागबाहरा पुलिस को ऋषिकेश चंद्राकर ने बताया कि वह शुभकामना गली गणेशपारा मे चंद्राकर मोटर वाईडिंग दुकान का संचालन करता है। उसकी दुकान मे मोटर पंप, मोटर वाईडिंग से संबंधित नया-पुराना वह कॉपर तार, एवं पीतल बुश का सामान रहता है। 10 जनवरी की रात्रि लगभग 9 बजे अपनी दुकान बंद कर घर चला गया था। 11 जनवरी को लगभग 8.30 बजे दुकान में आकर देखा तो मेन शटर बंद था और बगल वाला शटर टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा हुआ था और लगभग 200 किलोग्राम नया-पुराना कॉपर तार एवं पीतल बुश कीमत लगभग 120000 रुपए नहीं था। किसी अज्ञात चोर ने मेरे दुकान से उक्त सामानों की चोरी कर ली।

## पेज 11 का शेष

### छत्तीसगढ़ मनवा ...

हमेशा प्रयासरत होना तथा जीवन में सदैव बढ़े लक्ष्य का निर्धारण कर उसकी प्राप्ति के लिए अनुशासित प्रयास करने पर जोर दिया गया। मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज सबको साथ लेकर चलने वाला और मेहनतकश समर्थ समाज है। इसमें युवाओं को हर क्षेत्र में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सेवा क्षेत्रों सहित सभी क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाने पर जोर देते हुए। सभी मार्गदर्शकों ने स्वस्थ युवा से संगठित समाज और संगठित समाज से समर्थ राष्ट्र का नारा दिया और युवाओं का राष्ट्र निर्माण में योगदान जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार रखा।टेशूलाल धुरंधर ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से संबंधित विभिन्न घटनाओ का उल्लेख करते हुए युवाओं को प्रेरणा लेने और आगे बढ़ने की बात कही ।

# सामाजिक एकता, शांति व समभाव से भारत बनेगा विश्व गुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

सर्व हिन्दू समाज माठ मंडल का हिन्दू सम्मेलन रविवार को ग्राम माठ में आयोजित किया गया। इसमें माठ मंडल के ग्राम मुड़पार, नवागांव, बेल्दार सिवनी, तिल्दाडीह और माठ के लोग शामिल हुए। उक्त सम्मेलन के मुख्य वक्ता के रूप में संत रामरूप दास महात्यागी महंत हरिहर क्षेत्र मदकूद्वीप एवं मठाधीश श्रीरामश्रय उपस्थित थे। उन्होंने संघ स्थापना के बारे परिचय, जानकारी सहित बिरसा मुंडा, लोकमाता देवी अहिल्या देवी होल्कर, गुरु तेग बहादुर की जीवनी व इतिहास पर प्रकाश डाला। साथ ही समाज मे पंच परिवर्तन कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी, नागरिक कर्त्वय, सामाजिक समरसता व पर्यावरण पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

इस विशाल हिन्दू सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि संत टकसार साहेब कबीर आश्रम बाराडेरा, दुलारी सुरेन्द्र वर्मा उपाध्यक्ष जनपद तिल्दा, साथ ही धरसीवां विधानसभा क्षेत्र के विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा, देवेंद्र सिंह ठाकुर जिला संघचालक रायपुर ग्रामीण, लोकनाथ साहू जिला कार्यवाह रायपुर ग्रामीण, सीताराम यादव खण्ड संघ चालक तिल्दा एवं विभिन्न समाज के प्रमुखगण, जनप्रतिनिधि शामिल हुए जिनका श्रीफल व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान भी किया गया, साथ ही भारत माता की आरती और भोजन प्रसादी रखा गया था।

### माठ में हुआ विशाल हिन्दू सम्मेलन




### हिन्दू समाज में पूर्णतः नशाखोरी बंद हो

मुख्य अतिथि में उपस्थित भगवताचार्य विक्रमादित्य शर्मा ने कहा कि हिन्दू समाज में पूर्णतः नशाखोरी बंद हो इसके लिए मातृशक्तियों को आगे आना होगा। वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से भारतवर्ष चलता है, धर्म से विजय की प्राप्ति होती है। सनातन धर्म, सामाजिक एकता, शांति व समभाव लेकर हम चल रहे हैं तो अवश्य भारत विश्व गुरु बनेगा, हम सभी चाहते हैं कि भारत हिन्दू राष्ट्र बने एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की दीदी ब्रह्माकुमारी उमा ने भी उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए नारी शक्तियों के बारे में बताते हुए कहा कि हमारे देश में सबसे पहले भारत माता की जयकार होती है। हमारे यहां ही देश को माता कहा जाता है, देवियों में भी माता का नाम पहले आता है जैसे राधा कृष्ण, सीताराम, हमारे यहां सभी नदियों को भी मां स्वरूप माना गया है, जहां नारियों की पूजा होती है, वहां देव निवास करते हैं। इस प्रकार से हम भारत को मां का दर्जा देते हैं, ऐसा किसी देश में नहीं होता।

## प्रवचन : मोहरा में श्रीमद् भागवत कथा का समापन

# भागवत कथा में कृष्ण की लीला भक्ति, ज्ञान वैराग्य की महिमा का किया रोचक वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन



ग्राम मोहरा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन श्रद्धा, भक्तिभाव से हुआ। कथा के अंतिम दिवस विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। यज्ञ के पश्चात आयोजकों एवं ग्रामवासियों द्वारा गली-गली भ्रमण किया गया। इस दौरान धार्मिक भावना के साथ सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। आयोजन का उद्देश्य भागवत कथा के संदेशों को व्यवहारिक जीवन में उतारते हुए सेवा, सद्भाव और आपसी सहयोग को बढ़ावा देना रहा। कथा सप्ताह के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कथावाचक के प्रवचनों से श्रद्धालु भावविभोर होते रहे। समापन अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने यज्ञ में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। महिला श्रद्धालुओं ने विशेष उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया और दर्शन का लाभ प्राप्त किया। इनमें प्रमुख रूप से तारिणी वर्मा, मंजू वर्मा, राधिका वर्मा, रंजना वर्मा, सुशीला वर्मा, धनेश्वरी वर्मा, भूलिन वर्मा, सोनीया वर्मा, सुशीला एवं मीना फेकर सहित अन्य महिलाओं की सहभागिता उल्लेखनीय रही।

महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में यज्ञ एवं कथा में भाग लेकर आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया। आयोजक समिति हर-हर महादेव समिति एवं समस्त ग्रामवासी मोहरा द्वारा सफल आयोजन के लिए सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। समापन अवसर पर प्रसाद वितरण किया गया तथा भविष्य में भी ऐसे धार्मिक व सामाजिक आयोजनों को निरंतर आयोजित करने बाते रखी कुल मिलाकर, ग्राम मोहरा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का यह समापन यज्ञ, गली-गली भ्रमण और महिला श्रद्धालुओं की सक्रिय सहभागिता के कारण क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

### विशाल हरिहरात्मक महायज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा 18 से

**भाटापारा।** नगर की श्री पंचमुखी हनुमान यज्ञ आयोजन समिति द्वारा बसंत पंचमी पर इस वर्ष भी हरिहरात्मक यज्ञ किया किया जायेगा। इसकी तैयारी एवं रुपरेखा बनाने एक आवश्यक बैठक यज्ञ स्थल में आहुत की गई, जिसमें यज्ञ आयोजन में होने वाले समस्त कार्यक्रमों की तैयारी को अंतिम रूप प्रदान किया गया। इसमें 18 जनवरी को दोपहर 2 बजे रामनाम सप्ताह मंडप से विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। 19 जनवरी को मंडप प्रवेश के साथ यज्ञ का शुभारंभ होगा। दोपहर के सत्र में 19 से 25 जनवरी तक प्रति दिन दोपहर 3.30 बजे से श्रीमद् भागवत कथा का वाचन स्तुति बहनजी कानपुर द्वारा किया जाएगा। 20 तारीख को रात्रि में संगीतमय सुंदरकांड पाठ समिति द्वारा सुंदरकांड का पाठ होगा। 22 व 23 जनवरी को बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार संस्था द्वारा कराया जाएगा। 23 जनवरी को ही रात्रि में श्याम भजन आयोजित है, जिसमें बिलासपुर की नेहा पाण्डेय द्वारा श्याम भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। 24 जनवरी को हनुमान चालीसा पाठ समिति द्वारा हनुमान चालीसा पाठ, 25 जनवरी भागवत कथा विश्राम,



27 तारीख को राजनांदगांव के गणेश मिश्रा द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का वाचन किया जाएगा, 28 जनवरी को सुबह 9.30 बजे यज्ञ की पूर्णाहुति तदोपरांत दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारा आरम्भ होगा। समिति द्वारा पूर्व के वर्षों में हनुमत यज्ञ, लक्ष्मी नारायण यज्ञ, रुद्र यज्ञ, रामचरित मानस यज्ञ का आयोजन किया जा चुका है इसी क्रम में इस वर्ष हरिहरात्मक यज्ञ किया जाना तय किया गया है ।

बैठक में कथा वाचक पं. हरगोपाल शर्मा, सतीश अग्रवाल, राकेश तिवारी, सत्यनारायण जोशी, नरेश चौबे, संतोष पाण्डेय, रविन्द्र शर्मा, अशोक शुक्ला, मनोज पांडेय, प्रकाश शर्मा, रामजी जोशी, नंदकिशोर सेवाका, सुनील दुबे, विजय पाण्डेय, उमाशंकर वर्मा, प्रकाश मिश्रा, मनीष मिश्रा, सौरभ ठाकुर, विनोद जायसवाल, श्रीचंद, दिनेश सोनी, कमलेश्वर शर्मा, दीपक केशरवानी, बिहारी जोशी, बृजकिशोर अग्रवाल, मनीष बरवाड़, रूपेश मिश्रा, पीताम्बर साहू सहित नगर की समस्त धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## भागवत कथा में वराह अवतार कथा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन सोमवार को कथा व्यास आचार्य उत्कर्ष शुक्ला महाराज ने राजा परीक्षित का प्रसंग सुनाया। जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। ग्राम वटगन में शर्मा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य पं. उत्कर्ष शुक्ला ने बताया कि मनुष्य जीवन केवल भौतिक सुखों के लिए नहीं, बल्कि परमात्मा की प्राप्ति के लिए मिला है। उन्होंने राजा परीक्षित के जन्म और उन्हें मिले सात दिन के श्राप का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि राजा परीक्षित ने अपनी मृत्यु को जानकर भी घबराने के स्थान पर मोक्ष के मार्ग को चुना। जब गुरु का जीवन में आगमन होता है, तभी अज्ञान का अंधेरा दूर होता है। परीक्षित और कलयुग के संवाद के माध्यम से बताया गया कि कलयुग का वास अधर्म, मद और लोभ में होता है, जिससे हमें बचना चाहिए। वराह अवतार की कथा सुनाते हुए बताया कि जब हिरण्याक्ष पृथ्वी को पाताल में ले गया, तब भगवान ने वराह रूप धारण कर पृथ्वी की रक्षा की। भगवान छप्पन भोग छोड़कर विदुर के घर केवल भाव के कारण साग खाने पहुंचे थे। भगवान धन और पद के नहीं, बल्कि केवल सच्चे प्रेम और श्रद्धा के भूखे हैं। कथा के अंत में मुख्य यजमान राजेश शर्मा- गायत्री शर्मा ने परिवार के साथ भागवत की महाआरती की। इस आयोजन से गांव में भक्ति का वातावरण है कथा श्रवण करने ग्रामवासी सहित आसपास के श्रद्धालु श्रोता उपस्थित थे।



## परसदा क में भागवत ज्ञान यज्ञ 18 से

**खरोरा।** ग्राम परसदा (क) में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 18 से 26 जनवरी तक आयोजित होगा। कथा वाचक पं. ओमप्रकाश शर्मा ग्राम पुरोहित ग्राम नहरडीह एवं परायनकर्ता वैदिक पं. चंदन शर्मा बड़ी करेली होगा। आयोजन के प्रारंभ वेदी पूजन, कलश यात्रा एवं गोकरण पाठ्यक्रम से होगा। इसके पश्चात प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक एवं पौराणिक कथाओं का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा। सप्ताह के दौरान चौबीस अवतार, सृष्टि वर्णन, प्रह्लाद चरित्र, रामावतार, कृष्ण जन्मोत्सव, रासलीला, गोवर्धन पूजा, सुदामा चरित्र सहित अनेक प्रसंगों का वाचन किया जाएगा। समापन दिवस पर गीता पाठ, हवन, कपिला तर्पण, सहस्त्रधारा, पूर्णाहुति एवं महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक अनुष्ठान में ग्राम परसदा क सहित आसपास के ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रहेगी। आयोजकों ने समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।



## शिक्षक ने बच्चों को कराया न्योता भोज


हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

ग्राम में शिक्षक डोमार सिंह वर्मा के जन्मदिन पर विद्यालय परिसर में न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को भोजन कराया गया। आयोजन का उद्देश्य बच्चों के साथ खुशियां साझा करना और सेवा भाव को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में सरपंच नवीन कुमार वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ टाकेश्वर प्रसाद वर्मा, रवि यादव, खूबीराम नेताम एवं रामसिंह ने भी सहभागिता निभाई। विद्यालय के शिक्षक बीआर ध्रुव, टीपी वर्मा, साधराम कोसले, सीआर वर्मा एवं एके वर्मा की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। शिक्षकों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में सामाजिक समरसता, अनुशासन और संस्कारों का विकास होता है।



## अंबुजा विद्यापीठ में मना राष्ट्रीय युवा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार






अंबुजा विद्यापीठ, रवान में राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद की जयंती पर श्रद्धा, अनुशासन एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इसके पश्चात राजेश साहू द्वारा प्रस्तुत गीत ने कार्यक्रम को भावनात्मक स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम में कक्षा 5 के छात्र हन्नास पंजवानी ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर अपना भाषण प्रस्तुत करते हुए स्वामी विवेकानंदजी के विचारों को सरल एवं प्रभावशाली शब्दों में व्यक्त किया।

इस अवसर पर शिक्षक सुजीत कुमार रॉय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, आत्मविश्वास और परिश्रम को जीवन का मूल मंत्र बनाने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद केवल एक महान संत ही नहीं, बल्कि भारत के युवाओं के प्रेरणास्त्रोत थे। उन्होंने युवाओं को आत्मबल, साहस और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

प्राचार्य ने कहा कि आज के विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक ज्ञान तक सीमित न रहकर चरित्र निर्माण, सेवा भावना और राष्ट्रप्रेम को भी अपने जीवन में अपनाना चाहिए। यदि युवा अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाएं, तो देश का भविष्य उज्ज्वल बन सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करने तथा स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को अपने आचरण में उतारने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी

# हिंदू सम्मेलन पर निकाली गई कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

विकासखण्ड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत भरुवाडीह में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें सर्व समाज के मुखिया व सरपंच खिलेश्वर घृतलहरे के तत्वावधान में यह आयोजन हुआ। सर्वप्रथम सुबह सभी वर्ग की महिला एकत्रित हुई और कलश यात्रा गांव के गली चौक चौराहा से निकाली गई। कीर्तन मंडली द्वारा भजन करते हुए गांव की गली भ्रमण किया गया, जिसमें गांव की महिला एवं पुरुषों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दोपहर में सफाई स्थल में छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें छोटे-छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत दी गई। मुख्य अतिथि सह, प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक नारायण नामदेव द्वारा पूजा अर्चना की गई।



भक्त माता कर्मा, बाबा गुरु घासीदास, कबीर दास अन्य गुरु ने कहा है कि हमें सादा जीवन उच्च विचार का पालन करना चाहिए, जिस धर्म में हमारी जन्म हुआ है उसे उसे धर्म में ही रहना चाहिये, किसी के बहकावे में अपना धर्म नहीं बदलना चाहिए हम सभी हिंदू है। हम सभी वर्ग के प्रमुख समय-समय पर बैठकर अपनी सनातन धर्म की रक्षा के लिए आपस में चर्चा परिचर्चा होनी चाहिए, जिससे हमारी एकता एवं संगठन मजबूत हो कभी-भी शराब एवं अन्य नशा का उपयोग नहीं करनी चाहिए, जिससे अशांति का कारण हो हम सभी लोग एकत्रित होकर कार्य करें जिससे बड़ा सा बड़ा काम सरलता से हो । इस अवसर जिला संघ चालक गणेश देवांगन, मंतराम वर्मा, सरपंच खिलेश्वर धृतलहरे, भीष्म देव सोनवानी, प्रदीप कुर्रे तातु राम साहू, नेमु नारायण धृतलहरे, धना राम साहू, रामेश्वर धीवर, राधेश्याम खरे, घूरू राम साहू, लोकेश्वर वर्मा, नेमसिंह वर्मा, युवा नेता राहुल चन्द्राकर, मुकेश झा, डोमर साहू, राजेश साहू, जोहन ध्रुव, रुपेन्द्र धृतलहरे, धर्मेंद्र आडिल, कुमार यादव, तखत राम बरतामसी, कमल नारायण साहू, राज कुमार साहू, घासी राम सहू, झुलुराम निषाद, अवधराम साहू, मनहरण वर्मा, वाल्की बाई साहू, पूर्णिमा साहू, डिगेश्वरी साहू, अहिल्या साहू, अमेरिका साहू, तुलसी साहू, इंदिरा निषाद, रेखा निषाद, नूतन साहू, चंपा देवी साहू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### हायर सेकंडरी स्कूल में मनी विवेकानंद जयंती



**पलारी।** शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल वटगन में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनाई गई। स्वामी विवेकानंद जी का ब्लैकबोर्ड में 12वीं के विद्यार्थी जित्तू बंजारे ने हुबहु चित्र उकेरकर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। जिला से आए हुए कानून जानकार शुकदेव सेन ने कानून की बारीकियों से अवगत कराया। दहेज अपराध, बाल विवाह और सायबर ठग के बारे में बताया गया । विद्यार्थियों और शिक्षकों ने ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य बी एल ढीढ़ी, एम के वैष्णव, रेखा वर्मा, टी के साहू, सगुण सोनी, रेणुका जांगड़े, प्रीति, श्वेता वर्मा सहित समस्त शिक्षक गण और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
09 जनवरी 2026
SHOW TIME
द राजा साब
शो समय - 12:00, 3:00, 6:30, 9:00 PM
धुरंधर
शो समय - 03:30 PM
धनेश के आराधना (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## युवा दिवस : सशिमं में मनायी गई स्वामी विवेकानंद की जयंती

# निराश इंसान में नई ऊर्जा भर देता है विवेकानंद के विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में 12 जनवरी को आध्यात्मिक गुरु और आधुनिक भारत के निर्माता स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनायी गई। सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों ने उनके आदर्शों पर प्रेरक भाषण के माध्यम से उन्हें याद किया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्रों ने प्रभात फेरी निकली। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य, आचार्य, आचार्याओं ने महापुरुष स्वामी विवेकानंद के जीवन के बारे प्रकाश डालते हुए बताया कि 12 जनवरी एक ऐसी तारीख है जो भारत के गौरव और युवा शक्ति का प्रतीक है। आज हम उस महापुरुष की जयंती मना रहे हैं, जिन्होंने पूरी दुनिया में भारत की आध्यात्मिकता और ज्ञान का डंका बजाया। भारत सरकार द्वारा इस दिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाना यह दर्शाता है कि स्वामी जी के विचार आज भी हमारे देश की असली ताकत यानी 'युवाओं' के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं।

स्वामी विवेकानंद कहते थे उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। यह केवल एक वाक्य नहीं, बल्कि सफलता का वह मंत्र है जो हर हारते हुए इंसान में नई ऊर्जा भर देता है।

विवेकानंद का मानना था कि खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप है। युवाओं को खुद पर भरोसा रखकर बड़ी चुनौतियों का सामना करना चाहिए। उन्होंने हमेशा कहा कि देश के युवाओं की रगों में जोश और सेवा का भाव होना चाहिए।

गरीब और जरूरतमंदों की सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है। विवेकानंद जी का मानना था कि शिक्षा का अर्थ केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि मनुष्य का चरित्र निर्माण करना है। उन्होंने शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में जब /"मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों/" कहकर अपना भाषण शुरू किया, तो वह केवल शब्द नहीं थे, बल्कि पूरी दुनिया को एक परिवार मानने वाली हमारी संस्कृति की गूंज थी।





### विवेकानंद जयंती पर छात्रों के बीच हुई मैराथन दौड़



**खरोरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीताराम यादव सेवानिवृत प्राचार्य व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खरोरा उपखण्ड खंड संघचालक, राजेश चौहान समाजसेवी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खरोरा खण्ड व्यवस्था प्रमुख व प्राचार्य अश्वनी पाटकर थे। विद्यालय स्तर पर कक्षा 9 वीं से 12वीं तक के छात्रों के लिए मैराथन दौड़ का आयोजन हुआ। अतिथियों ने में स्वामी विवेकानंद के जीवन व भारत वर्ष में किये गये उनके योगदान का महत्व बताएं साथ ही इस दिवस को युवा दिवस के रूप में मनाये जाने के महत्व को बताया गया। यह आयोजन छात्रों, युवा समूहों और समुदाय को फिटनेस, जागरूकता तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ स्वामी विवेकानंद जयंती मनाने हेतु जोड़ता है। इसका मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को भारतीय उत्पाद अपनाने, स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहन देने और आत्मनिर्भर भारत की भावना को सुदृढ़ करने के लिए प्रेरित करना है। विद्यालय स्तर पर 7 से 14 जनवरी तक सूर्य नमस्कार सप्ताह मनाया जा रहा है। इसका समापन 15 जनवरी को किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य ने अतिथियों को कार्यक्रम में उपस्थित होने पर उनका आभार व्यक्त किया।

### छात्र-छात्राओं को बताये गए यातायात नियम



**भाटापारा।** किरण इंवेट फ्यूजन वेलफेयर फाउण्डेशन द्वारा उ मा शाला तरेंगा में कवच, आत्म सुरक्षा, व्यक्तित्व निर्माण, स्वास्थ जागरूकता महाअभियान का आयोजन किया गया। इसमें समाज सेवी अरूण बंटी छाबड़ा द्वारा छात्राओं को स्वेटर वितरित कर गुरुजन का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि ग्रामीण पुलिस थाना प्रभारी हेमन्त पटेल ने हेलमेट पहनिए, सिग्नल का ध्यान रखना, सड़क सुरक्षा, गाड़ी का बीमा कराने से फायदे तीन सवारी न चलना, पढ़ाई कैरियर में ध्यान देना आदि का संवाद कर यातायात नियमों का पालन करने के सुझाव दिए। उन्होंने कहा ज्यादा लोग मोटरसाइकिल की सवारी करते हैं जिससे ओवरलोड के कारण दुर्घटना होती है। गाड़ी चलाते हुए मोबाइल का उपयोग न करें साथ में साइबर क्राइम की जानकारी दी। डॉ. वीणा साहू ने कवच आत्म सुरक्षा व्यक्तित्व का निर्माण के बारे में जानकारियां दी। सीमा ने छात्राओं को कवच सारांश समझाया और छात्रों को प्रशिक्षण दिया। लगभग 340 बच्चों ने इस कैंप में भाग लिया और विभिन्न विषयों पर बहुत ही उमंग के साथ छात्राओं ने सुना और सवाल के जवाब भी दिए। इस कार्यक्रम में अरूण छाबड़ा बंटी सीमा मल, डॉ. वीणा साहू, सुरज शर्मा, एडवोकेट नरेंद्र देवांगन, अशोक श्रीवास्तव, जिला विधि सेवा प्राधिकरण विभाग एवं सभी स्कूलों के प्राचार्य चंद्रा, कुर्रे शिक्षक-शिक्षिका समाज सेवी उपस्थित थे।

## कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनी

**खरोरा।** स्व. रामप्रसाद देवांगन महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनायी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. शंपा चौबे ने किया। मीनाक्षी, दुर्गा, घनिष्ठा आदि छात्राओं ने स्वामीजी को श्रद्धासुमन अर्पित कर अपने विचार व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि उठो, जागो और तब तक नहीं रुको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। वे युवाओं के आदर्श, हम सबके प्रेरणा स्त्रोत हैं। भारतीय सनातन धर्म का पक्ष रखने वे शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में भाग लिए थे। भूगोल विभाग की प्राध्यापिका डॉ. माधवी पंड्या ने राष्ट्रीय युवा दिवस विवेकानंद जयंती की बधाई दी और कहा कि आप सभी स्वामी जी के संदेशों को आत्मसात कर अपने जीवन पथ में आगे बढ़ सकते हैं।



प्राचार्य डॉ. शंपा चौबे ने महामना स्वामी विवेकानंदजी को नमन करते हुए कहा कि आप सभी युवा हैं और स्वामी जी युवाओं के आदर्श हैं। वे एक महान विभूति थे। उन्होंने अपने 39 वर्ष के अल्प वय में ऐसा कर्म किया कि विश्ववंद्य हो गए। शिकागो धर्म सम्मेलन में उन्होंने अपनी शुरुआत ब्रदर्स एंड सिस्टर्स से कर सबको चमत्कृत कर दिया था। आप उनसे अनुशासन, सेवा और चिंतन करना सिख सकते हैं। आप किंतु, परंतु, क्यों, कैसे, ऐसा क्यों आदि प्रश्नों से चिंतन करना शुरू करें। आप अपने गुरुजनों से चर्चा करें। यह महाविद्यालय भी शिक्षा, ज्ञान का मंदिर है। यहां प्रवेश नमन करते हुए करना चाहिए। इसे स्वच्छ और व्यवस्थित रखना सीखना है। जय हिंद, जय भारत। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे।

आज के इस डिजिटल युग में, जहां हम अक्सर तनाव, असफलता या भविष्य की चिंता में घिर जाते हैं, स्वामी जी का एक विचार हमें रास्ता दिखाता हैः जैसा तुम सोचते हो, वैसे ही बन जाओगे। खुद को कमजोर मानोगे तो कमजोर, और ताकतवर मानोगे तो ताकतवर बन जाओगे। इसलिए, इस राष्ट्रीय युवा दिवस पर आइए हम संकल्प लें कि हम अपनी क्षमताओं पर विश्वास करेंगे। हम केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए भी जीएंगे। हम समस्याओं से भागेंगे नहीं, बल्कि निडर होकर उनका सामना करेंगे।

## खबर संक्षेप



### नागलीला कार्यक्रम में शामिल हुए जिपं सदस्य वैष्णव

**सेल।** विकासखंड कसडोल समीप के ग्राम पिसीद में नाग लीला का आयोजन 10 जनवरी को किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य प्रेमलता बालेश्वर वैष्णव शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य का ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत सत्कार किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रेमलता बालेश्वर वैष्णव ने विधि विधान पूर्वक श्री कृष्ण भगवान की वेशभूषा में तैयार बालकों का पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात ग्रामीणों ने श्री कृष्ण की वेशभूषा में सुसज्जित बालकों के साथ प्रेमलता बालेश्वर वैष्णव को नाव में सवार कर तालाब का भ्रमण कराया। इस दौरान गांव में अत्यंत खुशी का माहौल रहा। गौरतलब हो कि भगवान कृष्ण द्वारा कालिया नाग मर्दन की पौराणिक कथा का मंचन, जो छत्तीसगढ़ जैसे क्षेत्रों में फसल कटाई के बाद मनोरंजन और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए आयोजित होता है, जिसमें तालाबों में नाव बनाकर नृत्य-संगीत और झांकियों के साथ कृष्ण-कालिया नाग की लीला दिखाई जाती है, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से ग्रामीण आते हैं।

### सेलून संचालक से मारपीट

**महासमुंद।** सेलून संचालक से मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सेलून संचालक व गुडरुपारा निवासी मनोज सेन 11 जनवरी को करीबन 3 बजे गुडरूपारा हॉस्टल के पास पहुंचा था, तभी रास्ते में कुटु यादव ने गाली गलौज किए हो कहते हुए मारपीट कर दी। इसके बाद उसके दुकान पहुंचकर भी आरोपी ने गाली गलौज कर मारपीट की।

### निधन

#### श्याम कुंवर वर्मा




**पलारी।** ग्राम कोसमंदी निवासी श्याम कुंवर वर्मा 90 वर्षीय का निधन सोमवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में परिजन गणमान्य नागरिक मौजूद थे। वे मुरली वर्मा, अखिलेश वर्मा पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत कोसमंदी, सरस्वती, सावित्री, सरोज, सुशीला, सरला की माता एवं लक्ष्मी, टिकेंद्र, ओमनारायण, सागर, आंचल की दादी थीं।

## क्रिकेट में महाकाल बिलासपुर इलेवन बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

शिवरीनारायण के महानदी तट स्थित मेला ग्राउंड में जी स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित ओपन चैलेंज टेनिस बॉल डे क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में महाकाल बिलासपुर इलेवन की टीम चैंपियन बनीं।इस दौरान खिलाड़ियों को पुरस्कार का वितरण किया गया।

प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों का पंजीयन था, जिसमें से 22 टीमों ने भाग लेकर खेल कौशल का प्रदर्शन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि नगर पंचायत शिवरीनारायण के अध्यक्ष राहुल थवाईत रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रकाश बिल्लू बंसल, विवेक 'मिंकु' शर्मा, सचिन मिश्रा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 1 लाख नगद एवं ट्रॉफी प्रकाश बिल्लू बंसल एवं अंकित मिश्रा द्वारा तथा द्वितीय पुरस्कार 50 हजार नगद एवं ट्रॉफी विवेक मिंकु शर्मा द्वारा प्रदान किया गया। फाइनल मुकाबले से पूर्व राष्ट्रगान एवं छत्तीसगढ़ राज्य गीत का गायन-वादन किया गया।





इस अवसर पर सुदीप गुप्ता, अंकुर गोयल, संतोष अग्रवाल, पंकज केशरवानी, शशांक शर्मा, मनीष मित्तल, अंकुश अग्रवाल, सागर केशरवानी, मित्रभान साहू, चंद्रभान साहू सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में अभिषेक तिवारी छोटा महाराज, अजय कुमार केवट, विमल सारथी, सुदर्शन मानिकपुरी, प्रीति रात्रे, मोहन 'छोटू' केवट, आनंद केशरवानी, विकास केवट, किशन साहू सहित समिति के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

व्यक्तिगत पुरस्कारों में बेस्ट बल्लेबाज पप्पू बेस्ट गेंदबाज, आदिल बेस्ट विकेट कीपर, मनीष बेस्ट फील्डर, मनु बेस्ट ऑलराउंडर, सोनू बेस्ट अंपायर, अभिषेक तिवारी, चंद्रभान खूंटे बेस्ट स्कोरर, अभिषेक अग्रवाल, मुकेश मानिकपुरी, बेस्ट कमेंटेटर शशांक शर्मा, अमन कुंभकार साथ ही जनकपुर के बच्चों को बेस्ट दर्शक के रूप में सम्मानित किया गया। कुल 12 प्रतिभागियों को 1501 नगद, ट्रॉफी एवं घड़ी प्रीति रोहिदास, मित्रभान साहू एवं चंद्रभान साहू द्वारा प्रदान की गई। प्रतियोगिता का मैन ऑफ द सीरीज पुरस्कार महाकाल बिलासपुर टीम के आकाश को मिला, जिन्हें 10 हजार नगद एवं ट्रॉफी संतोष गुप्ता द्वारा प्रदान की गई।

## भाजयुमो नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रणम्य का पलारी में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

भाजयुमो नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रणम्य पांडेय का पलारी में प्रथम आगमन हुआ। साथ ही नवनियुक्त प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश शर्मा एवं नीरज परगनिहा भी साथ रहे। इसमें पलारी मंडल एवं रोहासी मंडल द्वारा संयुक्त रूप से भव्य स्वागत बस स्टैंड चौक में किया गया। जिलाध्यक्ष पांडेय ने कहा कि शरीर के संचालन में जो भूमिका रीढ़ की होती है वहीं भूमिका भाजपा में भाजयुमो की होती है मोदीजी के नेतृत्व में भारत और विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की तस्वीर बदल रही है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को हर वर्ग तक पहुंचाने की जिम्मेदारी है। मंच में प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष द्वय नंदकुमार कुमार वर्मा, सुनील यदु, पलारी भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, रोहांसी मंडल अध्यक्ष विजय कोशले, जनपद अध्यक्ष सविता भीम यादव, महामंत्री द्वय संतोष वर्मा, डा केजू साहू, युवा मोर्चा जिला महामंत्री अंजय श्रीवास मंचस्थ रहे। संचालन लोकेश यदु द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल उपाध्यक्ष तुलसी डहरिया, विश्राम पटेल, हीरा रात्रे, दीपक साहू, रवि श्रीवास्तव, लक्की कन्नौजे, योगेश वर्मा, कौशल साहू, लखन यादव, हेमकिशन साहू, बिहस कलिहारी, आजूराम यादव, राजेश ध्रुव, दिलीप साहू, शिवकुमार साहू, विमल साहू, ईश्वर बघेल, राकेश छेदइया, उल्लास वर्मा, विकास साहू, योगेश पटेल, चित्रगुप्त साहब, बुधरु साहू, पृथ्वी साहू, रामेश्वर वर्मा, गुमान साहू, जयभारत कन्नौजे, गोविंद जायसवाल, ऋषभ चौबे, चुनेश सेन, मनीष दुबे सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

## छात्रों को कराया गया आनापान ध्यान अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पं. चक्रपाणि शुक्ला उच्चतर विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं को आनापान ध्यान का अभ्यास कराया गया। यह अभ्यास बिलासपुर विपस्सना ध्यान केंद्र के न्यासी संजय अग्रवाल, जो बलौदाबाजार के ग्राम मगरचबा निवासी हैं तथा रविकांत अग्रवाल द्वारा कराया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को आनापान ध्यान के लाभों की जानकारी दी गई। बताया गया कि आनापान के नियमित अभ्यास से एकाग्रता में वृद्धि होती है, जो विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसके माध्यम से व्यक्ति वर्तमान क्षण में रहने की क्षमता विकसित करता है, जिससे तनाव कम होता है और आत्मनियंत्रण बढ़ता है।



कार्यक्रम के दौरान आगामी 7 दिवसीय निःशुल्क आवासीय टीनएजर विपस्सना कोर्स की जानकारी दी गई। यह कोर्स बालिकाओं के लिए 1 जून से तथा बालकों के लिए 10 जून से थनोद, अंजोरा, दुर्ग (छत्तीसगढ़) में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने विद्यार्थियों से इस अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया।

